भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2163

31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

पोषण संवर्धित चावल कार्यक्रम

†2163. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टीः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में सरकारी पोषण योजनाओं के अंतर्गत पोषण संवर्धित चावल कार्यक्रम शुरू किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कौन-सी योजनाएं शामिल की गई हैं, लक्षित लाभार्थी कौन हैं और इस कार्यक्रम का कवरेज क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देश में पोषण संवर्धित चावल कार्यक्रम शुरू करने से पहले किसी वैज्ञानिक अध्ययन, प्रायोगिक परियोजनाओं या विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों का सहारा लिया था और यदि हाँ, तो तत्संबंधी मुख्य निष्कर्ष क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने उच्च प्रसार वाले क्षेत्रों में सिकल सेल रोग और थैलेसीमिया जैसी हीमोग्लोबिनोपैथी से पीड़ित व्यक्तियों सहित विभिन्न लाभार्थी समूहों के बीच पोषण संवर्धित चावल के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी परिणामों का कोई कार्यान्वयन-पश्चात् मूल्यांकन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी मुख्य निष्कर्ष क्या हैं; और

(घ) क्या सरकार ने देश में, विशेषकर हीमोग्लोबिनोपैथी के उच्च प्रसार वाले क्षेत्रों में, पोषण संवर्धित चावल की गुणवत्ता, सुरक्षा और वितरण की निगरानी के लिए कोई दिशानिर्देश, परामर्श या प्रोटोकॉल जारी किए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने सूचित किया है कि फोर्टिफाइड चावल की शुरुआत भारत तथा विदेशों में उपलब्ध अध्ययनों के आधार पर की गई थी। तथापि, उन्होंने यह भी सूचित किया है कि वास्तविक भंडारण स्थितियों में फोर्टिफाइड चावल के स्थायित्व एवं भंडारण अवधि से संबंधित चिंताओं सहित विभिन्न कारकों को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत फोर्टिफाइड चावल की सार्वभौमिक आपूर्ति को अस्थायी रूप से स्थगित करने का निर्णय लिया है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध फोर्टिफाइड चावल के मौजूदा भंडार समाप्त होने तक उसका वितरण जारी रहेगा।

******